सेंट जोसेफ स्कूल मार्ग बना मुसीबत का रास्ता

अधूरे गैस-सीवर कार्य से रोज लग रहा जाम,हादसे का खतरा,काम पूरा होगा या दुर्घटना का इंतजार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। ननि के वार्ड क्रमांक 42 स्थित सेंट जोसेफ स्कूल मार्ग पर गैस एवं सीवर लाइन बिछाने का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

सड़क की खुदाई के बाद निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से मार्ग कई स्थानों पर संकरा हो गया है। नतीजतन प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है और राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को दुर्घटना के खतरे के बीच सफर करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल खुलने और छुट्टी के समय देखने को मिल रही है। सेंट जोसेफ स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों और अन्य वाहन चालकों को लंबी कतारों में फंसना पड़ता है। खुदाई वाले हिस्सों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से दोपहिया वाहन चालक जोखिम उठाकर निकलने को मजबूर हैं। बारिश के कारण कई स्थानों पर मिट्टी धंसने और फिसलन की स्थिति भी बन गई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि संबंधित एजेंसी ने सड़क खोदकर काम अधूरा छोड़ दिया, लेकिन उसे समय पर पूरा कराने की दिशा में कोई प्रभावी पहल नहीं की गई। लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से तत्काल निर्माण कार्य पूरा कर सड़क को पूर्ववत बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जाम की समस्या और बढ़ेगी तथा किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

बारिश में फिसल रहे वाहन, जिम्मेदार बेपरवाह

शहर के संत जोसेफ स्कूल मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। सड़क पर चारों ओर मिट्टी बिखरी होने से बारिश के दौरान यह मार्ग फिसलन भरा बन गया है। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक परेशानी झेल रहे हैं और आए दिन फिसलकर घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के बाद मिट्टी हटाने और मार्ग को व्यवस्थित करने की ओर जिम्मेदार विभाग ने ध्यान नहीं दिया। हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे स्कूल आने-जाने वाले छात्र, अभिभावक और राहगीरों को भी जोखिम उठाना पड़ रहा है। लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल सड़क की सफाई, मिट्टी हटाने और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

सीवर-गैस पाइप लाइन के अधूरे कार्य से शहर की सड़के बदहाल

शहर में सीवर लाइन और गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए कई प्रमुख सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन बारिश शुरू होने के बाद भी अधिकांश स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। जबकि संबंधित एजेंसियों को मानसून से पहले सभी कार्य पूर्ण कर सड़के दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कई मोहल्लों में सड़के उखड़ी हुई हैं और कई स्थानों पर जमीन धंसने लगी है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन प्रभावित होने के साथ कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद नगर पालिक निगम सिंगरौली के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नागरिकों ने अधूरे निर्माण कार्य जल्द पूरा कर सड़के बहाल कराने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

स्मार्ट स्ट्रीट लाइट टेंडर पर उठे सवाल

टेंडर से भुगतान तक जांच की मांग,ननि की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर प्रश्न

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। नगर पालिक निगम सिंगरौली की विद्युत शाखा एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में है। माजन मोड़ से इंदिरा चौक तक स्मार्ट डिमेबल स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं स्थापना के कार्य को लेकर टेंडर प्रक्रिया, सामग्री क्रय, भुगतान और कार्य निष्पादन पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस कार्य पर अब तक करीब 55 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि पूरे मामले में पारदर्शिता को लेकर लगातार चर्चाएं बनी हुई हैं।

नगर निगम के जारी कार्यादेश के अनुसार 13 फरवरी को भोपाल स्थित एम/एस एमआर इलेक्ट्रिकल्स को यह कार्य सौंपा गया। दस्तावेज के मुताबिक कार्य का अनुमानित मूल्य 78 लाख 40 हजार रुपये तथा स्वीकृत कुल लागत 92 लाख 4 हजार 944 रुपये दर्ज है। ठेका एसओआर से 0.50 प्रतिशत कम दर पर स्वीकृत किया गया तथा कार्य पूर्ण करने की अवधि दो माह निर्धारित की गई थी। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि इस टेंडर में कुल कितने निविदाकारों ने आवेदन किया था। यदि किसी ठेकेदार ने अपनी निविदा वापस ली या टेंडर प्रक्रिया से स्वयं को अलग किया, तो क्या इसके लिए निर्धारित नियमों और प्रावधानों का पालन किया गया, इस पूरे मामले में नगर निगम की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। चर्चाओं का विषय केवल टेंडर तक सीमित नहीं है। सामग्री की खरीद, गुणवत्ता, माप पुस्तिका, भुगतान की प्रक्रिया और कार्य की वास्तविक प्रगति को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं। नगर निगम की विद्युत शाखा की कार्यप्रणाली पहले भी सवालों के घेरे में रही है और इस बार भी अधिकारी निशाने पर हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच होने पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पूरी प्रक्रिया नियमों के अनुरूप हुई या नहीं। फिलहाल नगर निगम की विद्युत शाखा में कथित अफसरशाही और कार्यप्रणाली को लेकर शहर में चर्चाओं का दौर तेज है।

एक नजर में

सिंगरौली के दो दिवसीय दौरे पर प्रभारी मंत्री

सिंगरौली। म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके शनिवार की देर रात जबलपुर से रवाना होकर रविवार की तड़के सिंगरौली पहुंचेंगी। आगमन के बाद वह सूर्या भवन में विश्राम करेंगी। सुबह 11 बजे बैढ़न मंडल के बूथ क्रमांक 162, शक्ति केंद्र 39 में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे डीएमएफ फंड एवं जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगी। दोपहर 1 बजे निर्माण कार्यों और आपदा प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, एमपीईबी, पीडब्ल्यूडी व पीआईयू विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगी। शाम को गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम, भाजपा पदाधिकारियों की बैठक तथा विंध्यनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के वार्षिकोत्सव में भी शामिल होंगी।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान तेज

सिंगरौली। जिले में नशे के खिलाफ पुलिस का जनजागरूकता अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक सियाज केएम के मार्गदर्शन में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत शनिवार को विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौकी सासन पुलिस ने रिलायंस कंपनी में अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों के बीच कार्यक्रम आयोजित कर नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा कार्यस्थल और परिवार को नशामुक्त रखने का संदेश दिया। वहीं चौकी गोभा पुलिस ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से परिचित कराया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

सिंगरौली। उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान थीम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं में नशा मुक्ति के प्रति चेतना जगाने के उद्देश्य से निबंध लेखन, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट और सराहनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की उपसंचालक रेखा पांचाल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिर्रवह एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेढ़न की छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रही।

देवसर महिला एवं बाल विकास विभाग में बेलगाम व्यवस्था!

मुख्यालय छोड़ बैढ़न से संचालन के आरोप

नवभारत न्यूज

देवसर 25 जुलाई। महिला एवं बाल विकास विभाग देवसर की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि परियोजना अधिकारी देवसर व खड़ौरा सेक्टर की पर्यवेक्षक ने अपना मुख्यालय देवसर के बजाय बैढ़न बना रखा है।

बताया जा रहा है कि दोनों अधिकारियों का देवसर कार्यालय में कभी-कभार ही आना-जाना होता है, जिससे विभागीय कामकाज और आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी प्रभावित हो रही है। आरोप है कि करीब दो वर्षों से परियोजना अधिकारी को प्रभार मिलने के बाद से यही स्थिति बनी हुई है। इसका असर आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन पर साफ दिखाई दे रहा है। कई केंद्र सहायिकाओं के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि कार्यकर्ता केवल उपस्थिति दर्ज कराकर सर्वे, शासकीय कार्य या अन्य कारणों का हवाला देकर चली जाती हैं। इससे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाली सेवाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंगल दिवस, गोद भराई, पूरक पोषण आहार वितरण और साझा चूल्हा जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन अधिकांश मामलों में केवल कागजों तक सीमित दिखाई देता है। यह भी आरोप है कि योजनाओं की नियमित समीक्षा, निरीक्षण और प्रभावी बैठके नहीं हो रही हैं, जबकि कलेक्टर गौरव बैनल लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। चर्चाओं में यह भी कहा जा रहा है कि परियोजना अधिकारी की कार्यप्रणाली पहले भी विवादों में रही है। जब वे जिला कार्यक्रम अधिकारी का प्रभार संभाल रहे थे, तब भी अनियमितताओं के आरोप लगे थे। हालांकि उन मामलों में क्या कार्रवाई हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका। अब क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और महिला व बाल विकास विभाग की व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने की मांग की है।

अवैध परिवहन के खिलाफ 5 माल वाहक व 8 ऑटो जब्त

मोरवा से एनटीपीसी गेट तक चला अभियान, नियम तोड़ने वालों में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। जिले में आज शनिवार को अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चार विभागों की संयुक्त टीम ने व्यापक अभियान चलाया।

हाल ही में आयोजित टाइमलाइन समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया था कि अवैध खनिज परिवहन, बिना तिरपाल फ्लाई ऐश व कोयले का परिवहन तथा यातायात नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। इसी के तहत खनिज, परिवहन, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मोरवा, शुक्ला मोड़, एनटीपीसी गेट और कांटा मोड़ क्षेत्र में सघन जांच की। अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेज संचालित वाहनों, सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों तथा खुले में फ्लाई ऐश और कोयले का परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पांच मालवाहक वाहनों को जप्त कर मुरवा थाना परिसर में खड़ा कराया गया, जबकि आठ ऑटो भी जप्त कर विंध्यनगर थाना में सुरक्षित रखे गए। टीम ने वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की। प्रशासन ने बिना तिरपाल फ्लाई ऐश और कोयले का परिवहन करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस ने सौपा ज्ञापन

सिंगरौली 25 जुलाई (एनबीएन)। जिला किसान कांग्रेस शहर ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन रैली निकलकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

वही ज्ञापन में मूंग खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था, ई-टोकन प्रणाली की जटिलता, समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने, नकली डीएपी खाद की बिक्री और बिजली समस्या सहित अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। वही ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों के हित में ई-टोकन व्यवस्था को सरल बनाया जाये ।

मिड-डे मील में लापरवाही का बड़ा आरोप

कुशमहवा स्कूल में बच्चों को परोसा गया फीका भोजन,जिम्मेदारों की निगरानी पर सवाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। चितरंगी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक पाठशाला कुशमहवा में मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

आरोप है कि बच्चों को पौष्टिक और संतुलित भोजन देने के बजाय बिना मसाले की उबली कटहल की सब्जी तथा बेहद निम्न स्तर का भोजन परोसा जा रहा है। इससे गरीब और आदिवासी परिवारों के बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार मिड-डे मील योजना पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका लाभ बच्चों तक नहीं पहुंच रहा है। आरोप है कि समूह संचालकों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा, जबकि खंड शिक्षा कार्यालय से लेकर जिला स्तर तक जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी भी प्रभावी नहीं दिख रही है।

स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, भोजन की गुणवत्ता की नियमित निगरानी तथा सभी विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की मांग की है।

नगर निगम ने चलाया फॉगिंग अभियान

सिंगरौली 25 जुलाई (एनबीएन)। नपानि सिंगरौली द्वारा डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए विशेष फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 40 स्थित चौपाटी, बस स्टैंड, सब्जी मंडी एवं गल्ला मंडी क्षेत्र में फॉगिंग मशीन के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। यह अभियान ननि आयुक्त सविता प्रधान के मार्गदर्शन तथा स्वास्थ्य अधिकारी बाल गोविंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में संचालित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

प्रयाग पथ की सड़क बनी मुसीबत,कचरा वाहन भी कीचड़ में फंसा

वार्ड -40 में जर्जर मार्ग से बढ़ी परेशानी,मरम्मत की उठी मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। नपानि के वार्ड क्रमांक 40 स्थित प्रयाग पथ की सड़क बदहाल होने से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है।

हाल ही में लगी नगर निगम का कचरा संग्रहण वाहन भी कीचड़ में फंस गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क की जर्जर हालत के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन फंस रहे हैं। बारिश के मौसम में हालात और बिगड़ गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। लोगों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि वार्ड पार्षद सीमा जायसवाल के प्रयासों से पहले जिस मार्ग पर विवाद के कारण आवागमन पूरी तरह बंद था, वहां अब रास्ता खुल चुका है। हालांकि सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोगों की परेशानी बरकरार है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि प्रयाग पथ की सड़क का शीघ्र मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके और भविष्य में ऐसी समस्याओं से राहत मिल सके।

नव विवाहिता के मौत के बाद हंगामा व चक्काजाम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। सरई थाना क्षेत्र के पुरैल गांव में विवाहिता की मौत के बाद तिनगुड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत पुरानी देवसर-धावण नदी कुकरांव मार्ग पर परिजनों द्वारा चक्काजाम किया गया था। जहां देर रात ही समझाइश के बाद मामला शांत किया गया।

मौके पर पहुंचीं एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी ने मृतका के मायके पक्ष से विस्तृत चर्चा कर उन्हें निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। एसडीओपी ने स्पष्ट कहा कि जबलपुर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने तथा उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों और अन्य तथ्यों के परीक्षण के बाद मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी राहत नहीं दी जाएगी। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और करीब रात 1:30 बजे शव को सड़क से हटाकर चक्काजाम समाप्त कर दिया। इसके बाद एसडीओपी स्वयं परिजनों के साथ गईं और पुलिस की मौजूदगी में शव को मृतका के ससुराल पुरैल में सुपुर्द कराया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और केस डायरी मिलने के बाद मायके एवं ससुराल पक्ष के बयान दर्ज कर सभी पहलुओं की गहन जांच की जाएगी।

खेल के मैदान से उठा नशामुक्ति का संदेश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत एनटीपीसी विंध्यनगर स्थित डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में नशामुक्ति जन जागरूकता के उद्देश्य से फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं।

युवाओं को अपनी ऊर्जा खेल, शिक्षा और रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई से हमेशा दूर रहना चाहिए। प्रतियोगिता में एमएससी बार्सिलोना जूनियर बैढ़न और डीएफए अंडर-17 सिंगरौली के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। जहां सभी खिलाड़ियों को नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की थीम वाली टी-शर्ट एवं स्पोर्ट्स किट वितरित की गई।

नशे में बाइक चला रहे युवक की गाय से टक्कर

सिंगरौली 25 जुलाई (एनबीएन)। शनिवार शाम करीब 4 बजे खुटार से बैढ़न की ओर जा रहे राजेश्वर साकेत निवासी कर्सुआ राजा की बाइक परसौना के पहले सड़क पर आई गाय से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार राजेश्वर, उनकी पत्नी और करीब तीन माह का मासूम सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक शराब के नशे में था। स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की, लेकिन नशे की हालत में युवक मदद करने वालों से अभद्रता करता रहा। घटना के बाद लोगों ने वाहन चालकों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

सड़क व जलभराव की समस्या पर सख्त हुए ननि अध्यक्ष

गैस-सीवर कार्य से उखड़ी सड़कों के जल्द सुधार का भरोसा, वार्ड क्रमांक 38 का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जुलाई। बारिश के बीच शहर की बदहाल सड़कों और जलभराव की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय ने शनिवार को वार्ड क्रमांक 38 का स्थलीय निरीक्षण किया।

ननि अध्यक्ष ने गैस पाइपलाइन और सीवर लाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों, नालियों की स्थिति तथा जलनिकासी व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ननि के इंजीनियरों के साथ वार्ड 38 के कांग्रेस पार्षद अनिल बैस भी मौजूद रहे। पार्षद ने क्षेत्र में जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने तथा नागरिकों की परेशानियों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की मांग रखी। ननि अध्यक्ष ने कहा कि बरसात के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी वार्डों की लगातार निगरानी की जा रही है। जहां भी सड़क, नाली या जलनिकासी से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं, वहां संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने शहर के अन्य वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत और विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी।